विचारसे प्रत्येक हिन्दूको अपनी इस विराट महासभाका सदस्य शीघ्रातिशीघ्र बन जाना चाहिए। सदस्यको केवल १) साल सहायता श्रीमहामंडलको देनी होती है। इस त्रैमासिक और त्रैभाषिक पत्रके विना मूल्य मिलनेके अतिरिक्त उनको एक सदस्य मानपत्र प्राप्त होता है, वे श्रीमहामंडलके संचालक अंग बनते हैं, धर्म सम्बन्धी किसी प्रकारकी शंका होनेपर पत्राचार द्वारा उनकी शंकाओंका समाधान किया जाता है, उनके घर में बालक बालिकाओंको बालकपनसे ही धर्मशिक्षा दिलानेमें सहायता और सत्परामर्श दिया जाता है और श्रीमहामंडलके द्वारा प्रकाशित धर्मपुस्तक और पुस्तिकायें स्वल्प मूल्यमें उनको मिलती हैं। इस कारण सूर्योदयके पाठकवर्ग जो अभीतक सदस्य नहीं हुए हैं, उनको पत्र भेजकर सदस्य होना चाहिये और अपने आत्मीय-बन्धु-बान्धवोंको और अपने ग्राम और नगर निवासियोंको सदस्य बनानेका प्रयत्न करके धर्म और यश प्राप्त करना चाहिये। यदि कोई सज्जन धर्म-सेवक बनकर सदस्य संख्या बढ़ानेका विशेष रूपसे प्रयत्न करना चाहें और इस स्वजातीय हितकारी कार्यको करते हुए अर्थोपार्जन भी करना चाहें तो उनको नियमित मासिक वृत्ति आदि देनेके नियम श्रीमहामंडलकी मंत्रीसभाने बनाये हैं जिससे इस समयकी बेकारी समस्याका भी कुछ निराकरण हो सकेगा।

हिन्दू संगठनके शुभ अभिप्रायसे कई प्रतिष्ठित महानुभावोंने इस संस्थासे निम्न अपील की है।

श्रीभारतधर्ममहामंडल, काशीसे अपील।

मान्यवर सभापति, श्रीभारतधर्म महामंडल।

बहुत कुछ सोचनेके बाद हम लोगोंने यह निश्चय किया है, कि आपको तथा आपकी संस्थाको एक बार हम वर्तमान कर्त्तव्य और गुरुतर जिम्मेदारीकी याद दिलायें तथा सोयी हुई आपकी संस्था और अपनी जातिको एक बार जाग्रत करनेकी चेष्टा करें। एक वर्षसे बराबर हम लोगोंने इस बात पर विचार किया है। आजकी विषम परिस्थिति तथा अपनी जातिकी धर्म, संस्कृति और सभ्यताका शनैः शनैः अपहरण हमें अत्यन्त व्याकुल कर रहा है। हमारी एक जाति आज अनेकत्वके क्रूर भावोंका शिकार हो रही है। हमारी जाति और संस्कृतिके दुश्मनोंने हमारी जातिके प्रत्येक वर्गोंमें पारस्परिक लज्जाजनक कलह बरपा

कर रखा है। कौन ऐसी संस्था है, जो जातिके समग्र शरीरको एकाग्रकर उसके अंगोंमें पारस्परिक सामंजस्य लाकर सम्पूर्ण उन्नति और शक्तिकी ओर अग्रसर करे ?

दूसरी ओर देखिये तो बेकार-समस्या हिन्दुस्तान भरके लिये दुखदायी हो रही है। हमारी एकताकी ग्रन्थि शिथिल होकर इसे और भी भीषण बना रही है। स्वतन्त्रता तथा जातीयताके नाम पर बड़ी जाति और छोटी जातिवालोंमें, हिन्दू मुसलमानोंमें, राजाओं और उनकी रियायोंमें यहाँ तक कि स्त्री और पुरुषमें भी एकता टूटकर पारस्परिक संग्रामकी तैयारी हो रही है। इस कटुतापूर्ण वातावरणमें बेकारीको समस्या और भी अधिक शोचनीय रूप पा गयी है। छिन्न-विछिन्न होकर आपसकी लड़ाईमें तथा बेकारी और अशान्तिमें समग्र जातिका लुप्त हो जाना ही इसका परिणाम मालूम होता है। हमारे मकानके चारों ओर बेकारी, अभाव और अशान्तिकी आग लगी है। हमारे दुश्मन उस आगमें घी डाल रहे हैं। हमारा जलकर मरना ही इसका निश्चित परिणाम मालूम होता है। अफसोस तो यह है, कि हम अपनेको इस आगके बुझानेके काबिल न करके अपनेको इसके इन्धनके काबिल बना रहे हैं। अपने क्षुद्र स्वार्थके धोखेमें हम भूले हुए हैं। अपनी संस्कृति अपनी जातीयताको भुलाकर जिस पेड़की जड़से हमारी हरीहरी जीवित-डालियाँ सर्वत्र आकाशमें फैली हैं और जिस पेड़की जड़से हमारा अस्तित्व ही पोषण पाता रहा है, हम उसी पेड़को जड़से काट डालनेपर तुले हुए हैं।

अब भी तो हम अपनेको समझें। अब भी तो हम अपने दुश्मनोंको समझें। जबतक एक दूसरेको नष्ट करनेका मारक प्रयत्न छोड़कर हम अपने घरके चारों ओर धधकती इस ध्वंसक आगको नहीं समझते, इस आगका प्रतीकार नहीं समझते, और स्वयं अपनेको समझकर इस आगको बुझानेका घोर प्रयत्न नहीं करते, तबतक अवश्यम्भावी अकालमृत्युसे हम अपनेको नहीं बचा सकेंगे।

अपनी संस्कृति और जातीयताको हृदयसे प्यारकरनेवाले कुछ चिन्ताशील व्यक्तियोंने लगभग एक साल पहले इस संकटसे रक्षाकी योजना करनेके लिये एक संयोजक-समिति बनायी और उस समितिकी बनायी हुई योजना देशके प्रमुख व्यक्तियोंके सामने रखी गयी। उस समितिके जनरल सेक्रेटरीके पास हिजहाइनेस महाराजा बहादुर देवासने अपनी मूल्यवान सम्मति भेजी जिसके अनुसार उस समितिने आपको संस्थासे अपना सहयोग तथा सेवाकी इच्छा जाहिर की। आज हमारी हार्दिक इच्छा है, कि यह सम्मेलन हमारी जाति और संस्कृतिको बचानेमें समर्थ होवे।

हमारा निवेदन है, कि शीघ्रातिशीघ्र एक महासम्मेलनका आयोजन किया जाय, जहाँ हमारा वर्त्तमान कर्त्तव्य निश्चित किया जा सके। श्रीभारतधर्ममहामंडलके प्राणस्वरूप श्री १०८ पूज्यपाद श्रीस्वामी ज्ञानानन्दजी महाराज तथा महामंडलान्तर्गत बनारस पण्डित कम्यूनिटीके कैमेरा डिक्टेटर श्री महाराज भैरवानन्दजी अवधूतसे आपके द्वारा हमारा यह निवेदन है, कि हमारी संस्कृति तथा आदर्श अक्षुण्ण रखनेके लिये तथा जातिके संकट दूर करनेके लिये जो उपाय उक्त पूज्यपाद स्वामियोंने आविष्कार किये हैं, उन्हें व्यवहारमें लानेका आयोजन किया जाय।

दूसरा निवेदन यह है, कि हमारे घरके चारों ओर जलती हुई इस ध्वंसक आगको बुझानेके लिये हमारी संस्कृति और सभ्यता पर दुश्मनोंके कुठाराघातके निवारणके लिये, बेकार-समस्या समाधानके लिये, सर्ववर्गीय एकतास्थापनके लिये, मारक पारस्परिक संघर्ष मिटानेके लिये तथा अपना आदर्श निरूपणके लिये समग्र भारतमें एक भैरवदल कायम किया जाय। पंजाब और बंगालके सेतुस्वरूप श्री के० एन० सहगलको तथा विहार काउन्सिलके एक्स प्रेसिडेण्ट श्रीमान् रञ्जनधारीसिंह महोदयके अजीज श्रोसुरेन्द्रधारी सिंह महोदय, एम० ए० को इस दलके प्रतिष्ठाता बननेके लिये निवेदन किया जाय।

आज कार्य करनेका समय आगया है। श्रीभारतधर्म महामंडल ही एक ऐसी संस्था है, जिसमें राजा महाराजाओंसे लेकर साधारण जनता भी सम्मिलित है। महामण्डलमें ही उस शक्तिका बीज निहित है जो प्रस्फुटित तथा विस्तृत होकर हमारी जाति और संस्कृतिको छाया प्रदान कर सकती है। दूसरी कौन ऐसी संस्था है जो जातिके समग्र शरीरको एकाग्र कर उसके प्रत्येक अंगोंमें पारस्परिक सामञ्जस्य लाकर उसे संपूर्ण उन्नति और शक्तिकी ओर अग्रसर करे। विनीत—

(१) श्रीनिवासदेव नारायणसिंह, (२) शिवेश्वरप्रसादनारायणसिंह शर्मा एम० एल० ए०।
(३) डाक्टर भुवनमोहन पाल, (४) विन्देश्वरीशरणसिंह रा० ब०।
(५) जगतकिशोरनारायण।

सनातनधर्मियोंसे विनीत निवेदन।

वर्त्तमानकालमें सारी पृथ्वीमें एक बड़ा परिवर्त्तन दिखायी पड़ता है। क्या आधिभौतिक जगत, क्या आध्यात्मिक जगत दोनोंमें घोर परिवर्त्तन हमारे नेत्रोंके सामने हैं। समस्त जगतके सामने मानो एक विचित्र नवयुगका उदय दिखायी पड़

रहा है और हमारी मातृभूमि भारतखण्डमें जो धर्मभूमि कहाती है, धर्म-शिक्षाके अभावसे और कुसंगके कारण धर्मविचारों और धर्मआचारोंकी इतनी न्यूनता हो गयी है, कि धर्मकी आवश्यकताको ही लोग भूल रहे हैं। सनातनधर्मी भारत इसी परिवर्त्तनके साथ ही साथ एक बड़ी जिम्मेदारी तथा भविष्यत् सम्भावनाओंका सामना कर रहा है। इस समय हमारे देश भरमें जो असाधारण राजनीतिक-विसव, सामाजिक-विसव और धार्मिकविसव उपस्थित है, उसकी उपेक्षा हम किसी तरह भी नहीं कर सकते। इस कारण इस अवसरपर यह अत्यन्त आवश्यक है, कि सनातनधर्मियोंके सब श्रेणियोंके नेतृवृन्द एक देश और कालमें एकत्रित होकर इस गुरुतर संधिके समयमें ज्ञान-शक्तिका लाभ उठावें और निम्न-लिखित विषयोंपर विचार विनिमयकर कर्त्तव्य निश्चित करें। यथा—

१—वर्तमान समयके तीव्र विचारणीय विषयोंकी मीमांसा।

२—भारतीय बेकार-समस्या और उसका समाधान।

३—अपनी संस्कृति तथा आदर्श की रक्षाका उपाय।

४—धर्मशिक्षाके अभावसे जो हमारी सन्तति लक्ष्यहीन होती है, उनके बचनेका यत्न।

५—स्वधर्मियोंके पारस्परिक संघर्षका निराकरण तथा उनमें प्रेमपूर्ण भावका स्थापन।

६—सामाजिक संघ-शक्तिके प्राप्त करने और स्वधर्मीके संगठन करनेका आयोजन।

७—भीतर और बाहरसे जो हिन्दू जातिपर आक्रमण हो रहे हैं, उसका संघ-शक्तिकी प्राप्ति द्वारा निराकरण।

८—अज्ञानके कारण जो स्वधर्मकी उपेक्षा, धार्मिक शिक्षाकी उपेक्षा और आध्यात्मिक उन्नति की उपेक्षा दिखाई पड़ती है, उसको दूर करनेका प्रयत्न। तथा

९—सनातनधर्मके साम्प्रदायिक विरोधकी शान्ति।

विचारशील सज्जनोंसे यह बात छिपी नहीं है कि सनातनधर्म और वर्णाश्रमको माननेवाली धर्मप्राण आर्यजाति पर इस समय चारों ओरसे विपत्तियोंके बादल मँडरा रहे हैं। जो आर्यजाति संसारकी सभ्यता, धर्म, विविध विद्या और ज्ञान आदिमें आदिगुरु थी आज उसका अस्तित्व ही संकटमें है। जिस जातिने अनेक विदेशी आक्रमणोंको सहते हुए प्राचीन कालसे आज तक अपने धर्म और संस्कृतिकी रक्षा की है, उसे अपने ही सुधारक कहलानेवाले स्वजनोंके स्वेच्छाचारसे इस समय अपने धर्म, समाज, अपनी संस्कृति और सभ्यता की रक्षा करना कठिन

हो रहा है। क्योंकि ये लोग अपनी धार्मिक-शिक्षा और सामाजिक शृङ्खलाकी वैज्ञानिक भित्तिके अज्ञानसे हम पर मनमाना प्रहार कर रहे हैं, विभिन्न उद्देश्यों और लक्ष्योंसे स्थापित हुई देशकी अनेक संस्थायें समाज-सुधारके बहाने हमारी धार्मिक बातोंमें अनधिकार हस्तक्षेप करनेमें भी किञ्चित संकोच नहीं करतीं भारतके अन्य धर्ममतोंके विरुद्ध कुछ भी करनेका साहस या आवश्यकता इन राजनैतिक नेताओंको नहीं प्रतीत होती। इसका कारण क्या है? चूँकि अन्य-मतावलम्बी संगठित हैं। सनातनधर्मी बहुसंख्यक होते हुए भी असंगठित हैं। इसलिये इन प्रहारोंका प्रतिकार वे नहीं कर सकते; और मन मसोस कर अत्याचारोंको सहते जाते हैं। क्या अब भी हम सनातनियों की निद्राभंग होनेका समय नहीं आया है? क्या सर्वनाश हो जाने तक हम इसी प्रकार मूकवत् उदासीनताका आश्रय लिये रहेंगे? अन्यमतावलम्बी संगठन द्वारा अपनी शक्ति बढ़ाकर अपने धर्म और संस्कृतिकी रक्षाके नाम पर अल्पसंख्यक होकर भी अधिकाधिक अधिकार प्राप्त करते जाते हैं। बहुसंख्यकोंके अधिकार तो दूर रहे, सनातनधर्मियोंको अल्पसंख्यक बताया जाता है और ऐसा करके भी अल्पसंख्यकोंके अधिकारके नाते भी उनकी रक्षा न की जाकर उन्हें पददलित किया जा रहा है। हमारी संस्कृति और आदर्श तथा हमारी सभ्यता पर वह मार्मिक आघात किया जा रहा है, जिससे हमारा अस्तित्व ही समूल नष्ट हो जाय।

एक आदर्श, एक संस्कृति तथा एक धर्मका बंधन ढीला पड़ जानेसे हमारी जातिकी विभिन्न श्रेणियोंमें पारस्परिक विषम कलह तथा अवांछनीय स्पर्धा और संघर्ष क्रमशः वृद्धि पा रहे हैं। राजा-प्रजा, जमींदार-रैयतमें ही नहीं आज तो भाई भाईमें, बड़ी जातिवालों और छोटी जातिवालोंमें, यहाँ तक कि पति और पत्नीमें भी भयंकर कटुता बृद्धि पा रही है। हमें अपनी जातिको संगठित कर यह समझ लेनेकी जरूरत है, कि जाति तथा समाजमें सामंजस्य लाकर ही हम उन्नत हो सकेंगे। जातिके विभिन्न अवयव परस्परमें लड़कर अपनेको तथा सम्पूर्ण शरीरको ही नष्ट कर देंगे।

जाति की प्रत्येक श्रेणीके लोगोंमें पारस्परिक सामंजस्य तथा प्रेम-भाव उत्पन्न करनेमें आजकी कोई भी संस्था समर्थ नहीं है। एक संस्था एक ही श्रेणीके लोगोंका पृष्ठ-पोषक बनकर अन्य श्रेणियोंके विरुद्ध कटुता उत्पन्न करती है। ऐसी कोई भी संस्था नहीं है जिसका लक्ष्य समग्रजातिके विभिन्न वर्गोंकी पारस्परिक सामंजस्य-पूर्ण सम्पूर्ण उन्नति हो।

श्रीभारतधर्ममहामंडल काशी भी जिसने सब सम्प्रदायोंके धर्मावलम्बी, स्वाधीन नरेश, रईस, सेठ साहूकार, विद्वान् और सर्वसाधारण जनताको एक ही संस्थामें समावेश किया है, आज तक प्राय: निष्क्रिय रहा है। परन्तु इस संस्थाकी महान् संभावनाओं को लक्ष्य करके कुछ महानुभावोंने जातिकी इस विषम वेलामें इसे अपने महान् कर्त्तव्यके लिये जाग्रत करनेका निश्चय किया और इस संस्थाके कर्णधारोंके यहाँ कुछ प्रभावशाली सज्जनोंने एक अपील भेजी तथा इसे इस महान् जिम्मेदारीके लिये उद्यत किया।

श्रीभारतधर्ममहामण्डल काशी, गत चालीस वर्षोंसे अखिल भारतवर्षीय सनातनधर्मियोंकी प्रतिनिधिभूत महासभा है, और वह अव्याहतरूपसे अपने कर्त्तव्योंको नाना विपत्तियोंका सामना करते हुए भी पूरा करता आ रहा है। दु:खित जातिकी अपील सुनकर उसने इस गुरुतर संधिमें सनातनजातिके कर्त्तव्य निश्चित करनेके लिये अखिल भारतवर्षीय एक महासम्मेलन आगामी शिशिर ऋतुमें तीर्थस्थान काशीमें करनेका निश्चय किया है। अत: श्रीभगवान्की कृपासे आशा है, कि इस अवसर पर सभी श्रेणीके नेतृवर्ग एकत्रित होकर इस महाधिवेशनको सफल करेंगे। ऐसे महाधिवेशनकी इस समय कितनी बड़ी आवश्यकता है यह विचारकर सब प्रान्तोंके बहुसंख्यक प्रतिनिधि अधिवेशनमें भाग लेनेको अवश्य पधारनेकी कृपा करें जिससे विचारणीय विषयोंपर निश्चय किया जा सके।

ऐसी विषम परिस्थितिमें सनातनीमात्रको अपनी इस दुर्दशा पर तथा भावी विपत्ति पर गम्भीरतापूर्वक विचार करना चाहिये। भारतके समस्त प्रान्तोंके सनातनियोंको एकत्र होकर विचार विनिमयद्वारा यह निश्चय करना चाहिये, कि इस संकटसे हम अपनी जाति तथा संस्कृतिकी, अपने आदर्श तथा धर्मकी और स्वयं अपने आपकी किस प्रकार रक्षा कर सकनेमें समर्थ हो सकते हैं।

हिज हाइनेस महाराजा बहादुर देवास जूनियर विद्याभूषण भारतधर्मरत्न परमधार्मिक श्रीमान् सदाशिवराव पवारमहोदयने अपनी परम उदारता एवं धार्मिक उत्साहके कारण इस महाधिवेशनके सभापतिका आसन सुशोभित करना स्वीकार किया है। प्रत्येक सनातनधर्मीका यह परम कर्त्तव्य है, कि इस आगामी महाधिवेशनको सफल करनेमें तन, मन, धनसे अपनी शक्तिभर पूर्ण सहयोग प्रदान करें, जिससे हमारे धर्मके विरोधियोंको यह भलीभाँति ज्ञात हो जाय, कि हमारी जाति अभी जीवित है और संगठित होकर अपने धर्म, संस्कृति तथा आदर्शकी रक्षा करनेके लिये उद्यत हो गयी है।

विशेष जानकारीके लिये मंत्री, अधिवेशन विभाग, श्रीभारतधर्ममहामंडल, काशीसे पत्र व्यवहार करनेकी हमारी प्रार्थना है ।

सहायताके लिये हमारी अपील है । किसी भी प्रकारकी सहायता श्रीयुत झारखण्डीप्रसाद नारायणसिंह मेम्बर, बोर्ड आफ ऐडमिनिस्ट्रेशन, रामनगर स्टेट, रामनगर फोर्ट, बनारसके पतेसे सानुग्रह स्वीकृत होगी ।

निवेदक
बलभद्रप्रसाद नारायणसिंह
सेक्रेटरी स्वागतकारिणी सभा ।

श्रीमहामंडलकी उन्नतिके कार्य ।

नियम संशोधन ।

श्रीभारतधर्म महामंडलके नियम और उपनियमोंमें वर्त्तमान देश, काल और पात्र के अनुसार परिवर्त्तन करनेके लिये एक सब कमेटी बनी है । इस विषयमें जो सदस्य अथवा जो सज्जन परामश देना चाहें, उक्त कमेटीके विचारार्थ मंत्रीके नाम भेजनेकी कृपा करें ।

घरू धर्म-शिक्षा विभाग ।

इस बीचमें श्रीमहामंडलके अनेक विभागों द्वारा संपादित कार्योंका संक्षिप्त विवरण इस अंकके अँग्रेजी अंशमें प्रकाशित किया गया है । पाठकोंकी जानकारीके लिये निवेदन किया जाता है कि प्रत्येक हिन्दू गृहस्थको महामंडलके धार्मिक-विश्वविद्यालयका सहयोगी सभ्य बनना चाहिये । ऐसे सदस्योंको अपने बालक-बालिकाओंकी धर्मशिक्षाके लिये पाठ्य पुस्तकें बिना मूल्य मिलती हैं । उनके द्वारा घरके बालक-बालिकाओंको प्रथम अवस्थासे ही धर्मशिक्षा देनेका प्रबन्ध करना चाहिये ।

पुस्तक-प्रकाशनविभाग ।

ब्रह्मीभूत स्वामी दयानन्दजी महाराजने शास्त्रीय ग्रन्थोंके प्रकाशनके लिये बहुत बड़ा उद्योग किया था । इस शुभ कार्यके लिये भारतधर्म सिंडिकेट लिमिटेड नामक एक कम्पनी स्थापित की गयी थी । जिसके द्वारा अनेक ग्रन्थ प्रकाशित

हुए। उक्त स्वामीजी महाराजके लोकान्तरित होनेके साथ ही साथ वह कम्पनी लिक्विडेशनमें चली गई। अनेक मूल्यवान् लिखे हुए और छपे हुए धर्मग्रन्थ कम्पनीके मकानमें बन्द हैं। अतः अब धर्मशिक्षाके लिये जो पुस्तकें श्रीमहामंडलके शास्त्रप्रकाशविभाग द्वारा प्रकाशित हुई हैं उनके नाम निम्नलिखित हैं—(१) धर्मविज्ञान, (२) गीतार्थचन्द्रिका, (३) परलोकतत्त्व, (४) महिला प्रश्नोत्तरी, (५) सदाचार प्रश्नोत्तरी, (६) परलोक प्रश्नोत्तरी, (७) तीर्थ और देवपूजन प्रश्नोत्तरी, (८) सरल साधन प्रश्नोत्तरी, (९) धर्माधर्म-प्रश्नोत्तरी, (१०) कन्या-शिक्षा सोपान, (११) पूजा और प्रार्थना, (१२) गायत्री मंत्रकी टीका, (१३) सती सदाचार, (१४) भारतधर्म समन्वय, (१५) धर्म-तत्त्व, (१६) आचार-चन्द्रिका, (१७) धर्म प्रवेशिका, (१८) आदर्श देवियाँ, (१९) व्रतोत्सव कौमुदी, (२०) इनके अतिरिक्त दुर्गा सप्तसती त्रिविध भावात्मक टीका सहित प्रकाशित हो रही हैं, यह महीने भरमें छप जायगी। ये सब धर्मशिक्षोपयोगी ग्रन्थावली श्रीमहामंडलके धार्मिक विश्वविद्यालयकी परीक्षाओंमें तथा स्कूल, कन्यापाठशाला, कालेज, संस्कृत पाठशाला आदिमें नियमित धर्मशिक्षा विस्तारके लिये और हिन्दू गृहस्थोंके घर-घरमें धार्मिक शिक्षा प्रचारके लिये उपयोगी होंगी। बालक-बालिकाओं और सब श्रेणीके विद्यार्थियोंके लिये यह धर्म पुस्तकमाला बहुत उपयोगी है। श्रीमहामंडल इस प्रकार ग्रंथ प्रकाशनका कार्य पूर्ण उद्योगसे कर रहा है। सनातनधर्मी गृहस्थ और हिन्दुओंके द्वारा संचालित कन्या पाठशालाओं, स्कूलों और कालेजोंके अधिकारीगण इनसे नियमित लाभ उठावें यही प्रार्थना है।

संगठन विभाग।

हिन्दू संगठनके विचारसे श्रीमहामंडलके पदधारीगण ऐसा उद्योग कर रहे हैं कि जिससे भारतवर्षके सब प्रान्तोंके सब जिलोंमें और बड़े नगरोंमें श्रीमहामंडलके कार्यकेन्द्र खुल जायँ और सब जगह धर्मसेवक नियुक्त होकर यथेष्ट संख्यामें महामंडल विश्वविद्यालयके सहयोगी सभ्य और श्रीमहामंडलके सदस्य बनाकर संगठन कार्यकी पुष्टि करें। प्रधान-प्रधान स्थानोंमें महामंडलके धार्मिक विश्व-विद्यालयके परीक्षा केन्द्र अधिक संख्यामें खोलनेका उद्योग हो रहा है। इस प्रकारकी धर्मसेवा करनेसे बेकारी समस्याको भी कुछ पूर्ति हो सकेगी। सबसे बड़ा अभाव इस समय यह प्रतीत होता है कि धार्मिक कार्यक्षेत्रमें अग्रसर होनेके लिए न तो कर्मयोगी साधु ही मिलते हैं और न सच्चे हृदयसे धर्मसेवा करनेवाले

गृहस्थ ही यथेष्ट संख्यामें मिलते हैं। अतएव इस अभावको दूर करनेके लिये सहृदय सनातनधर्मीमात्रको यत्नशील रहना चाहिये। हमारे कृपालु पाठकवृन्द, इन सब विषयोंपर ध्यान रखकर यदि उचित परामर्श और सहयोग देंगे तो वे श्रीभगवान्‌की कृपा अवश्य प्राप्त करेंगे।

—०—

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और श्रीनाथजीकी अद्भुत महिमा।

सब पुराण एक स्वर होकर कहते हैं कि अन्य अवतार, कला अवतार हैं और श्रीभगवान् कृष्णचन्द्र साक्षात् भगवान् हैं। पंचमवेद महाभारत और श्रीमद्भागवत जैसे पुराण में उनकी आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक पूर्णता नाना प्रकारसे वर्णित है। श्रीमद्भगवद्गीतासे उनकी आध्यात्मिक पूणताका परिचय होता है; वृन्दावन गोकुलकी मधुर तथा मथुरा और द्वारिकाकी अद्भुत लीलाओंसे उनकी आधिदैविक पूर्णता हृदयंगम होती है; और महाभारतके महायुद्धके वर्णनको पढ़कर उनके कर्मयोगकी अपूर्व महिमा और उनकी आधिभौतिक पूर्णताको कौन नहीं स्वीकार करेगा। इस प्रकार संपूर्ण अर्थात् षोडश कलाओंसे पूर्ण आनन्दकन्द श्रीकृष्णचन्द्र भगवान्‌के पूर्णावतार हैं। अवतार कोटिमें श्रीबलदेवजीका नाम है।

श्री भगवान् कृष्णचन्द्रकी जन्मभूमि श्रीमथुरा महातीर्थ बन गयी। जो हिन्दुओंके सर्व सम्प्रदायोंके लिये बड़े भारी आकर्षणका केन्द्र हो गया। दो हजार वर्षसे पूर्व नन्द-वंशके सम्राट्गण भारतखंड पर एकाधिपत्य करते थे। वे इतने प्रतापी थे कि जगत् विजयी बादशाह सिकन्दरने उनके महान् प्रतापको सुनकर उनसे युद्ध करनेका साहस नहीं किया और पंजाबसे ही वापस लौट गया। यह ऐतिहासिक घटना है। इसी सुप्रसिद्ध नन्द वंशके सम्राटोंने एक सौ वर्ष तक एक अरब से अधिक व्यय करके, श्रीभगवान् कृष्णचन्द्रकी जन्मभूमिमें ऐसा महान् देवालय निर्माण कराया था कि जिसकी तुलना न हुई है और न होगी। सभ्यताका घोरशत्रु, जगत्‌के नाशमें प्रवृत्त, भारत आक्रमणकारी, लुटेरोंका सरदार महमूद गजनवीने भारतखंड पर अपने आक्रमणसे सबसे पहले इस महर्घ देवालयका नाश किया था। उसने इस विशाल मन्दिरको तोड़कर स्वयं अपने हाथसे अपने इतिहासमें लिखा है कि इस देवालयके देखनेसे मालूम होता है कि यह मनुष्योंका बनाया हुआ नहीं है, बल्कि जिन्नोंका बनाया है। महमूद गजनवीने ही इस मन्दिरके बनानेके खर्चेका अनुमान १०० करोड़ दीनार किया है। इस पुण्य स्थानमें कई देवस्थान थे।

भगवान् श्रीनाथजीका विग्रह पहले इन्हीं देवालयोंमें था परन्तु उक्त आसुरी विपत्तिके समय श्रीनाथजीका विग्रह मथुरासे हटाकर श्री गोवर्धनमें छिपाकर लाया गया था।

श्रीभारतधर्ममहामंडल द्वारा प्रकाशित 'भारतवर्षका इतिवृत्त' नामक पुस्तकमें

विज्ञापन।

धर्मशिक्षा–ग्रन्थ।

जो सज्जन अपने बालक बालिकाओंको धर्मशिक्षा देना चाहें, जो कन्यापाठशालाओंमें, स्कूलोंमें, और कालेजोंमें धर्मशिक्षाकी विशेष व्यवस्था करना चाहें उनको सब श्रेणीकी शिक्षाके उपयोगी धर्मकी पाठ्य पुस्तकें निम्नलिखित पतेपर मिल सकेंगी।

धर्मशिक्षाके उपयोगी अमूल्य पुस्तकें।

सनातनधर्मियोंके घर-घरमें और ऐसे स्कूल कालेज और कन्या-पाठशालाओंमें जहाँ धर्मशिक्षा देनेकी इच्छा हो, उनके लिये निम्नलिखित पुस्तकें बहुत उपयोगी होंगी।

कन्याशिक्षा सोपान	=)	सदाचार प्रश्नोत्तरी	=)
महिला प्रश्नोत्तरी	=)	परलोक प्रश्नोत्तरी	=)
पूजा और प्रार्थना	=)	तीर्थ और देवपूजन प्रश्नोत्तरी	=)
सरल साधन प्रश्नोत्तरी	=)	आचार चन्द्रिका	॥)
धर्मप्रवेशिका	।)	व्रतोत्सव कौमुदी	॥)

भारतधर्म-समन्वय।

सनातनधर्म पृथ्वीके सब धर्ममार्गोंका सुहृद् है। सनातनधर्म किसी धर्मसे विरोध करना नहीं जानता है। सनातनधर्मके सिद्धान्त किसी न किसी तौर पर पृथ्वीके सब धर्म मार्गोंको मदद पहुँचाते हैं। परधर्मविद्वेष दूर करके धर्मका उदार स्वरूपके प्रचार करनेके लिये यह धर्मग्रन्थ प्रकाशित किया गया है। इस ग्रंथमें धर्मका सार्वभौमरूप, धर्मकी दार्शनिक-व्याख्या, साधारण धर्मसमन्वय, विशेषधर्म समन्वय और तदनन्तर सनातनधर्मके ग्यारह अंगोंका विस्तारित विवरण और साथ ही साथ समन्वय प्रकाशित किया गया है। यह ग्रन्थरत्न केवल सब श्रेणीके विद्यार्थियोंका पाठ्य पुस्तक ही नहीं हो सकता है बल्कि धर्मप्रेमी सब श्रेणोके विद्वानोंके लिये बहुत ही उपकारी है। मूल्य ।॥)

यह शास्त्रीय प्रमाणसे सिद्ध किया गया है कि अयोध्यापुरीमें श्रीभगवान् रामचन्द्रका अवतार ४०३९७०३६ वर्ष पूर्व हुआ था। उसी प्रकार उसी पुस्तकसे यह भी प्रमाणित है कि श्रीभगवान् कृष्णचन्द्रका आविर्भाव मथुरापुरीमें लगभग ५१००

धर्मतत्त्व।

ऐसे कालेज स्कूल और पाठशालायें जहाँ कि सनातनधर्मकी धार्मिकशिक्षा देनेका नियम है उनके लिये यह धर्म ग्रन्थ बहुत ही उपयोगी है। यह धर्म ग्रन्थ पुरुष छात्र और स्त्री छात्री सबके लिये समान हितकारी है। हिन्दू गृहस्थोंके घर-घरमें स्त्री पुरुषमात्रको धर्मज्ञान लाभ करनेके लिये यह सर्वाङ्ग सुन्दर ग्रन्थ बहुत ही उपयोगी हैं। इसके अध्ययन करनेसे सनातनधर्मका अच्छा ज्ञान हो सकता है। मूल्य ।।।)

परलोकतत्त्व।

(लेखिका—श्रीमती विद्यादेवीजी महोदया)

मनुष्य मरकर कहाँ जाता है? उसकी किस प्रकार गति होती है? पुनः इस मनुष्यलोकमें वह कैसे उत्पन्न होता है? स्वकृतकर्मोंका भोग उसे किस-किस अवस्थामें करना पड़ता है, परलोक क्या है? उसके कितने भेद हैं? जीव परलोक में कैसे जाता है? और फिर इस लोकमें कैसे पैदा होता है? प्रेतत्व क्या है? देवता और असुर क्या हैं? जीव के मरते समय और जनमते समय क्या दशा होती है? इत्यादि विषयोंका रहस्य यदि जानना हो तो इस परलोकतत्त्वको मँगाकर पढ़िये। मूल्य ।।=)

सती-सदाचार।

(लेखिका—श्रीमती विद्यादेवी जी महोदया)

इस पुस्तकका यह दूसरा संस्करण है। इसमें बहुत सी उपयोगी बातें बढ़ा दी गई हैं। त्रिलोक पवित्रकारी सती धर्मका वैज्ञानिक विवरण और उसके सम्बन्ध के गूढ़ विचारोंसे यह ग्रन्थ पूर्ण है। स्त्री और पुरुष सभीको एकबार इस ग्रन्थको अवश्य पढ़ना चाहिये। बहुत ही खोज बीनकर सामग्री एकत्रित की गई है। शुष्क और नीरस गृहस्थजीवन एवं दाम्पत्य-प्रेमको यदि सुन्दर और रसमय बनाना है तो इसको एक बार अवश्य अवलोकन करें। भाषा अत्यन्त सरल है, एवं भाव पहुँचे हुए हैं, मूल्य ।।) मात्र।

पुस्तकके मिलनेका पता—

कार्याध्यक्ष—वाणीपुस्तकमाला, "आर्यमहिलाकार्यालय, जगतगञ्ज, बनारस।

वर्ष पूर्व हुआ था। अतः जब श्रीभगवान् रामचन्द्रके जन्मस्थानका ठीक ठीक पता अब भी लगता है तो श्रीभगवान् कृष्णचन्द्रकी जन्मभूमिका ठीक-ठीक पता लगनेमें कोई बाधा ही नहीं हो सकती है। विशेषतः श्रीभगवान् कृष्णचन्द्रकी जन्मभूमिका तो लगातार ऐतिहासिक प्रमाण मिलता जाता है। इस विशाल मन्दिरके तोड़ डालने पर उत्तर भारतके हिन्दू महाराजाओंने उसी स्थान पर एक विशाल मन्दिर निर्माण कराया। परन्तु दिल्लीके मुसलमान बादशाह सिकन्दर लोदीने धर्म-शत्रुतावश इस द्वितीय विशाल मन्दिरको भी तोड़ डाला। उसके अनन्तर बुन्देलखण्डके ओरछा-नरेश सुप्रसिद्ध श्रीमान् महाराजा बीरसिंहजीने जो बादशाह अकबर और जहाँ-

गीरके समयके बड़े प्रभावशाली और वीर क्षत्रिय नरपति थे, ३० लाखसे अधिक धन व्यय करके इस मन्दिरका पुनः निर्माण कराया। उसको पुनः धर्म-शत्रु बादशाह औरंगजेबने तोड़ डाला और उसके मसालेसे उसी महान् तीर्थकी हदमें एक मसजिद बनवा दी। वह मसजिद अब तक उसी भूमि पर वर्तमान है। उसमें ताला बन्द रहता है, केवल ईदके दिन मुसलमान लोग निमाज पढ़ते हैं। यवन-

सम्राटोंके इन लगातार अत्याचारोंके कारण भगवान् श्रीनाथजीका विग्रह गोबर्धनमें ही विराजमान रहा और अन्तमें वह विग्रह हिन्दू-सूर्य महाराणा उदयपुरके राज्यमें पधराया जाकर "श्रीनाथद्वारा" नामक पुण्यभूमिमें विराजमान कराया गया था। जन्मभूमिके प्रथम मन्दिर धर्म-शत्रुओंके द्वारा तोड़े जानेके पहले ही भगवत् प्रेरणासे भगवान् श्रीनाथजीका विग्रह मथुरापुरीसे हटाकर गोबर्धन नामक तीर्थमें भक्तोंके द्वारा पधराया गया था। जब श्रीभगवान्का विग्रह धर्मशत्रुओंके

श्रीमहामण्डल की आशा।

अखिल भारतवर्षीय श्रीभारतधर्म-महामण्डलके प्रधान आशास्थल उसके सदस्यगण (जेनरल मेम्बर) हैं। प्रत्येक हिन्दू स्त्री या पुरुष इस महासभाका सदस्य हो सकता है। सदस्य होनेके लिये एक फार्म भरना पड़ता है और प्रतिवर्ष केवल १) चन्दा देना पड़ता है। प्रत्येक सदस्यको एक सुन्दर मानपत्र मिलता है तथा संस्कृत अंग्रेजी और हिन्दी भाषाका एक पत्र प्रति ३ महीनेमें अर्थात् सालमें चार बार बिना मूल्य मिलता है। सदस्यगण श्रीमहामण्डलके अङ्ग बनकर उसके नियमानुसार सम्मति भी दे सकते और अन्य लाभ उठा सकते हैं। प्रत्येक धर्मानुरागी व्यक्तिके लिए १) साल चन्दा देना कोई बड़ी बात नहीं है। श्रीमहामण्डलके प्रत्येक सभ्य यदि श्रीमहामंडलको स्वजातीय सङ्गठन और उन्नतिका एकमात्र साधन मानकर उसकी शक्ति बढ़ानेके लिए प्रत्येक वर्ष कमसे कम ५ नये मेम्बरोंका संग्रह कर दिया करें तो हिन्दुस्तान भरमें लाखों मेम्बर हो जाना कोई बड़ी बात नहीं है। इस प्रकार श्रीमहामण्डलके सब कार्य विभाग अपने आप ही उन्नतिके साथ चलाये जा सकते हैं और हिन्दुओंके सामाजिक संगठनके शुभ कार्य्यमें बड़ी सहायता हो सकती है। अतः सूर्योदयके पाठक महोदयोंसे निवेदन है कि यदि वे महामण्डलके मेम्बर न हों तो उनको मेम्बर होना चाहिये और स्वधर्म एवं स्वदेशकी उन्नतिके नाते उनको महामण्डलकी मेम्बरसंख्या बढ़ाना चाहिए।

मैनेजर, सूर्योदय, महामण्डलभवन, जगतगञ्ज, बनारस।

संन्यासधर्मपद्धति।

भारतद्वीपमें नाना श्रेणीके लाखों साधु और संन्यासी हैं। संन्यासग्रहणकी पद्धतिका कोई उपयोगी ग्रन्थ आज तक नहीं मिलता था; यहाँ तक कि वैदिक संन्यासियोंके उपयोगी पद्धतिग्रन्थ भी लुप्त हो गया था। बहुत परिश्रमके साथ खोजकर यह पद्धतिग्रन्थ प्रकाशित किया गया है। इसमें सब श्रेणीके संन्यासी

तीसरे आक्रमणसे बचानेके लिये राजपूतानामें पधराया गया, उस समयकी किमूवदन्ती है कि अन्य स्थानोंमें विग्रहके ठहरानेकी मनाई होती गई परन्तु जब श्रीनाथद्वारामें मूर्ति पहुँची तो भगवत्प्रेरणासे वहीं स्थापित की गई। इस ऐतिहासिक घटनावलीसे भक्तोंके हृदयमें इसी भावका उदय होता है कि भगवान् श्रीनाथजी यवन सम्राटोंके भविष्य अत्याचारोंको समझकर अपनी दैवी विभूतिको समेट, पहले तो मथुरा-पुरीसे गोवर्धनमें हट आये और तदनन्तर यवन सम्राटोंके राज्यको छोड़कर हिन्दू सूर्यके राज्यमें पधारे। उन्होंने श्रीकृष्णचन्द्रकी जन्मभूमिका उद्धार होना यवन-सम्राटोंके शासनकालमें असम्भव समझकर, धर्म-शत्रुओंके घोर अत्याचारोंके निदर्शनके लिये मसजिदको उस भूमिमें रहने दिया। (क्रमशः)

और सब श्रेणीके साधुओंके उपयोगी विषयों और उनको उन्नतिको ओर चलानेवाले मार्गोंका विस्तारित वर्णन प्रकाशित हुआ है। धर्म क्या वस्तु है, प्रवृत्ति-मार्ग क्या है, निवृत्तिमार्ग क्या है, वैदिकसंन्यास क्या है, उसके भेद क्या हैं, कलियुगमें जो शूद्र तक संन्यासी होंगे उनके लिये और सब श्रेणीके संन्यासियोंके लिये तान्त्रिक विधि क्या है, इत्यादि अनेक अवश्यकीय विषय प्रकाशित किये गये हैं। चाहे वैदिक दण्डी संन्यासी हों, चाहे वैष्णव संन्यासी हों, चाहे नाना पंथोंके नाना प्रकारके साधु संन्यासी हों सभीके लिये यह ग्रन्थरत्न बहुत ही उपयोगी है। सब श्रेणीके मठों और पुस्तकालयोंमें यह रखने योग्य है और पढ़े लिखे सब श्रेणीके साधु संन्यासियोंके पढ़ने योग्य है। मूल्य १)

गीतार्थचन्द्रिका।

भारतके अद्वितीय सुप्रसिद्ध धर्मवक्ता समस्तशास्त्रके प्रगाढ़ विद्वान् हिन्दी बंगला संस्कृत अंग्रेजी आदि विभिन्न भाषाओंके अनेक ग्रन्थोंके रचयिता ब्रह्मनिर्वाणप्राप्त—

स्वामी दयानन्दजी महाराज विरचित—

धर्मविज्ञानके रचयिता श्रीस्वामीजी महाराजकी विद्वत्ता किसीसे छिपी नहीं है। उन्होंने बहुत परिश्रम करके श्रीमद्भगवद्गीता पर यह अपूर्व टीका लिखी है। केवल हिन्दी भाषाके जाननेवाले भी इसके द्वारा गीताके गूढ़ रहस्यको जान सकें इसी लक्ष्यसे यह टीका लिखी गई है। इसमें मूल श्लोकके प्रत्येक शब्दका हिन्दी अनुवाद, समस्त श्लोकका सरल अर्थ और अन्तमें एक अतिमधुर चन्द्रिका द्वारा श्लोकका गूढ़ तात्पर्य बतलाया गया है। इस चन्द्रिकामें किसीका पक्ष न लेकर कर्म, उपासना, ज्ञान तीनोंका समन्वय किया गया है। इस ग्रन्थका अध्ययन हिन्दूमात्रको करना चाहिये। मूल्य २॥)

धर्म-विज्ञान।

(लेखक—ब्रह्मभूत स्वामी दयानन्दजी महाराज)

इस सुप्रसिद्ध वृहद् ग्रन्थके परिवर्द्धित संस्करणका यह प्रथम खण्ड है। इससे पहले स्वामीजी महाराजने "धर्म कल्पद्रुम" नामक सनातनधर्मका विश्वकोष आठ खण्डोंमें लिखा था। सर्वसाधारणके लिये यह सहज प्राप्य न था। इसलिये उन्होंने संक्षिप्त धर्मकल्पद्रुमरूपसे इस धर्मविज्ञानको सरल भाषामें लिखा। इसका प्रथम संस्करण हाथों हाथ बिक गया और अनेकं ग्राहकोंको निराश होना पड़ा।

इस ग्रन्थमें सनातनधर्मके गंभीर सिद्धान्तोंको शास्त्रों तथा पाश्चात्य विद्वानोंकी सम्मतियों द्वारा पुष्ट किया गया है। धार्मिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, राजनैतिक आदि समस्त विषयों पर धर्मकी पूर्ण मर्यादाको रखते हुए वर्तमान देश काल-पात्रानुसार यथेष्ट प्रकाश डाला गया है। विशेषता यह है कि, सायन्सके अनुसार इसमें समस्त विषयोंका विचार किया गया है। जिससे पश्चिमी शिक्षाप्राप्त जिज्ञासुओंके लिये यह ग्रन्थ बहुत ही उपयोगी सिद्ध हुआ है। प्राच्य प्रतीच्य तुलानात्मक विचार द्वारा इसमें धार्मिक, सामाजिक और आध्यात्मिक सभी प्रकारके विषय विवेचन सर्वाङ्ग सुन्दर हैं। स्कूल, कालेज, पाठशाला, महाविद्यालयके छात्र तथा धर्म प्रेमी हिन्दू जनता सभीकी धर्मजिज्ञासाका युक्तिसंगत समाधान इसी ग्रन्थके द्वारा हो सकता है। अनेक विषयोंके विवेचनसे पूर्ण डबलक्राउन ८ पेजी साइजके ८२६ पृष्ठकी पुस्तकका मूल्य केवल २ दो रुपये रखा गया है। महा-मण्डलके मेम्बरोंके लिये १॥) मेम्बर लोग पत्र लिखते समय अपना मेम्बर नम्बर अवश्य लिखें। सनातनधर्मीमात्रको अपने पवित्र धर्मको भली भाँति समझनेके लिये इस ग्रन्थको अवश्य पढ़ना चाहिये। पुस्तकोंके मिलनेका पता—

सेक्रेटरी शास्त्रप्रकाश विभाग, महामंडल कार्यालय, जगतगंज बनारस।

श्रीमहामंडलका व्यवस्थाविभाग।

श्रीभारतधर्ममहामंडल हिन्दू जातिकी अखिल भारतवर्षीय एकमात्र विराट् धर्मसभा है। इस कारण धर्म सम्बन्धी व्यवस्था और परामर्श देनेका उसका एक विशेष कार्यविभाग है। इस व्यवस्थाविभाग द्वारा बिना किसी व्ययके उन जिज्ञासुओंको जो संस्थाके सदस्य हैं, धर्माधर्म सम्बन्धी निर्णय, कर्म उपासना ज्ञान सम्बन्धी जिज्ञासाओंका समाधान और नाना शास्त्रीय व्यवस्था जिसकी धार्मिकोंको आवश्यकता होती है दी जाती है। पत्र भेजनेका पता—

अध्यक्ष व्यवस्थाविभाग, श्रीमहामंडल कार्यालय, जगतगंज, बनारस।

श्रीमहामंडल उपदेशक महाविद्यालय।

श्रीभारतधर्म-महामंडल द्वारा स्थापित उपदेशकमहाविद्यालय बहुत दिनोंसे कार्य कर रहा है। इस महाविद्यालयसे अनेक उपदेशक, महोपदेशक, और महामहोपदेशक निकलकर भारतद्वीपभरमें धर्मसेवा कर रहे हैं। चाहे गृहस्थ हों, चाहे साधु संन्यासी हों, जो जगतको भगवान्‌का स्वरूप समझकर स्वधर्म-सेवा, स्वजाति सेवा, स्वदेशसेवा ओर स्वजातीय संगठनके कार्यको करते हुए अपने जीवनको धन्य करना चाहें उनको महामंडल, रहनेका उत्तम स्थान, भगवान्‌का प्रसाद और वस्त्रादि देकर इस महाविद्यालयमें यथायोग्य धर्मशिक्षा प्राप्त करनेका अवसर देता है। धर्माधर्म विचार सम्बन्धी शिक्षा, दार्शनिक शिक्षा, धार्मिक व्याख्यान देनेकी शिक्षा और धर्मसेवा करनेकी शिक्षा आदि इस महाविद्यालयमें योग्य विद्वानों के द्वारा दिलाई जाती है। कुछ नियमित व्यक्तियोंको अन्न और कुछ योग्य व्यक्तियों को अन्न वस्त्र और बाहर से आकर पढ़नेवाले व्यक्तियोंको प्रतिमासकी परीक्षाके अन्तमें कुछ आर्थिक पारितोषिक देनेका नियम है। देशी रजवाड़ोंसे यदि धर्मशिक्षाके लिये विद्यार्थी भेजे जाँय तो ऐसे विद्यार्थियोंके लिये कमसे कम १५) माहवार राज्य से छात्रवृत्ति मिलने पर विद्यार्थियोंको तैयार कर दिया जा सकता है। पत्र भेजनेका पता—

अध्यक्ष उपदेशक-महाविद्यालय, महामंडल भवन, जगतगंज बनारस।

श्रीमहामण्डलमें धर्मचर्चा।

प्रति पूर्णिमा और प्रति अमावश्याके दिन सायंकालमें जो कोई इस विद्यालयमें आता है और धर्मसम्बन्धी किसी प्रकारकी जिज्ञासा करता है उसको अच्छी तरह समाधान करनेका भी नियम है। एक अनुभवी एवं विज्ञ महात्मा द्वारा जिज्ञासुओंकी शंकाओंका समाधान किया जाता है।

अध्यक्ष—उपदेशकमहाविद्यालय, महामंडलभवन, जगतगंज, बनारस।

बड़े ग्राम और नगरोंमें धर्मसेवकों (एजेंटों) की आवश्यकता।

श्रीभारतधर्ममहामंडलके भारत द्वीपव्यापी धर्म कार्यके लिये प्रत्येक बड़े ग्राम और नगरोंमें एजेन्टोंकी आवश्यकता है। योग्य एजेन्ट अपने घर बैठे ५०) या १००) रु० अनायास कमा सकेंगे। धर्मसेवकोंको नियमित मासिक वृत्ति और कमीशन मिलनेका नियम है। धर्मसेवकोंको श्रीमहामण्डलके मेम्बर बनाना होगा। इसके अतिरिक्त उनको और भी ऐसे काम करने होंगे कि जिससे उन्हें यथेष्ट आर्थिक लाभ होगा। प्रार्थीगण निम्नलिखित पते पर पत्र भेजें।

सेक्रेटरी—श्रीभारतधर्म महामंडल, जगतगंज, बनारस।

सूर्योदय-नियमाः ।

सूर्योदयस्य नियमेषु मन्त्रिसभाकृतं परिवर्त्तनं प्रकाश्यते ।

१—सूर्योदयः प्रतिमासं सौरमासाऽनुसारेण प्रकाशितो भविष्यति ।

२—सूर्योदयस्य बाहुल्येन प्रचारार्थं तृतीये तृतीये मासि त्रैभाषिको विशेषाङ्कः प्रकाशितो भविष्यति ।

३—ये महानुभावा रूप्यकपञ्चकं वार्षिकं साहाय्यत्वेन प्रदास्यन्ति ते सूर्योदयस्य संरक्षका भविष्यन्ति ।

४—ये सज्जना रूप्यकत्रयं वार्षिकं साहाय्यं प्रदास्यन्ति ते सहायका मन्येरन् ।

५—ये विद्यार्थिनोऽसमर्थाः स्वविद्यालयप्रधानाऽध्यापकस्य प्रमाणपत्रं प्रेषिष्यन्ति तेभ्य एकरूप्यकेनैव प्रदास्यते ।

६—सर्वविधैरपि सूर्योदयग्राहकैः प्रतिवर्षमग्रिमशुल्कतया स्वस्वदेयं कृपया प्रेषणीयम् येन खलु यथासमयं सूर्योदयं प्रकाशयितुं प्रेषयितुं च समर्था भवेम ।

७—श्रीभारतधर्ममहामण्डलस्य विशेषसहायतया त्रैमासिकः त्रैभाषिकश्च विशेषाङ्कः प्रकाशितो भवति । अतः स विशेषाङ्कः श्रीभारतधर्ममहामण्डलस्य सदस्येभ्यो विना मूल्यं प्रदास्यते ।

सम्पादकाः—

त्यक्तमहामहोपाध्यायपदवीको महामहाध्यापकः

पं० श्रीपञ्चाननतर्करत्नभट्टाचार्यः ।

पं० बालकृष्णमिश्रः बी. ए. एल. एल. बी. काव्यतीर्थः ।

पं० अवधेशप्रसादशर्मा द्विवेदः काव्यतीर्थः विद्याभूषणः ।

SURYODAYA.

Sanskrit Suryodaya is the journal of the All-India Sanskrit and Spiritual University and is published every month.

It has been arranged by the Council of Mahamandal to publish in every March, June, September and December its trilingual special issue which will serve as the mouth-piece of the Association. It will be supplied to the subscribers of the Magazine as well as it will reach free to religious and educational active institutions and to all the Patrons and members of the society.

Persons paying Rs. 3/- per annum will be considered as supporters of the University as well as subscribers of the journal.

The annual subscription of the general membership of Mahamandal is Re. 1/ only. The members will receive only the trilingual quarterly issues of Suryodaya free of charge.

Reg. No. A. 156

धर्म्मसेविका-विद्यापीठ

हिन्दू विधवाओंके लिये अपूर्व अवसर।

श्री आर्य्यमहिला हितकारिणी महापरिषद्द्वारा स्थापित और संचालित श्रीआर्य्यमहिला-महाविद्यालय काशीमें इस वर्ष धर्म-सेविका-विद्यापीठ (डिविनिटी कालेज) नामक एक नया विभाग खोला जा रहा है। इसमें ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यजातिकी कम उम्रवाली बाल-विधवाओंको हिन्दी, संस्कृत और अंग्रेजीकी उच्चकोटिकी शिक्षाके साथ-साथ उत्तमरूपकी धार्मिक शिक्षा देनेकी योजना की गयी है। विद्याभ्यासका काल ७ वर्ष रहेगा। भर्त्ती होनेवाली सुयोग्य छात्राओंको शिक्षा प्राप्त करते समय उनके भोजन आच्छादन आदिका सब प्रबन्ध महापरिषद्द्वारा किया जायगा। शिक्षा समाप्त होनेपर जो विधवाएँ परिषद्के अधीन रह कर आजीवन लोकसेवा तथा धर्मसेवाका व्रत ग्रहण करेंगी, उनके भरण-पोषणका समस्त भार परिषद् उठायेगी और जो ऐसा नहीं कर सकेंगी, उन्हें कमसे कम उतने वर्षोंतक जितने वर्षोंतक उन्होंने परिषद्की सहायतासे शिक्षा ग्रहणकी हो, परिषद्के अधीन रह कर धर्म-सेवाका कार्य्य करना होगा। प्रार्थनीको प्रवेश-प्राप्तिके पहले एक धार्मिक प्रतिज्ञा पत्रपर हस्ताक्षर करना होगा, जिसका सारांश यह है। कि वे चाहे जहाँ और जैसी अवस्थामें रहें, अपना जीवन त्यागमय, सादा और सात्त्विक तथा परिषद्के आदर्शके अनुकूल ही बितायेंगी। प्रवेश पानेवाली विधवाओंको संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, बंगला या गुजराती आदिमेंसे किसी भी एक भाषाका अच्छा ज्ञान होना अत्यावश्यक है। भर्ती होनेवाली विधवाओंको निम्नलिखित पतेपर अपनी जाति, अवस्था, धर्म, योग्यता तथा अपने संरक्षक या अभिभावकके नामके साथ बहुत शीघ्र आवेदन पत्र भेज देना चाहिए।

जो गृहस्थ परिषद्की इस शिक्षा-शैलीको पसन्द करें और इस शैलीके अनुसार शिक्षा प्राप्त करनेके लिये इस विद्यापीठमें अपनी कन्याओंको भेजना चाहें तो उनको भी भर्त्ती किया जायगा। उनके छात्रावासमें रहने और भोजन आदिका सब व्ययभार उनके पिता माता को ग्रहण करना होगा।

संचालिका—आर्य्यमहिला हितकारिणी महापरिषद्
जगतगंज, बनारस कैण्ट।

Printed at the Shri Lakshmi Narayan Press, Jatanbar, Benares,
and published by the Bharatdharma Mahamandal, Jagatganj, Benares Cantt.
by Pt. A. P. Sharma.